Booster Notes

Smart Notes, Smart Rank

# GNM NURSING

## (General Nursing & Midwifery)



SUBJECT

# ANATOMY & PHYSIOLOGY

Clear Concepts
Better Understanding

Smart Notes
High Score

# Introduction to Human Body

## *Introduction to Anatomy & Physiology*

Anatomy शरीर की संरचनाओं और उनके संबंधों का विज्ञान है।
Physiology शरीर के कार्यों का विज्ञान है - शरीर के अंग कैसे काम करते हैं।
ये दोनों मिलकर medical और nursing knowledge की नींव बनाते हैं।
बिना anatomy और physiology के, हम रोगी की सही देखभाल नहीं कर सकते।

### Levels of Structural Organization (संरचनात्मक स्तर)

मानव शरीर को छोटे से बड़े स्तर में व्यवस्थित किया गया है। हर स्तर एक दूसरे पर निर्भर करता है:

•Chemical Level (रासायनिक स्तर): Atoms (C, H, O, N) → Molecules (proteins, carbohydrates, lipids, nucleic acids)

•Cellular Level (कोशिका स्तर): सबसे छोटी जीवित इकाई - muscle cells, nerve cells, blood cells

•Tissue Level (ऊतक स्तर): समान कोशिकाओं का समूह - epithelial, connective, muscle, nervous tissue

•Organ Level (अंग स्तर): दो या अधिक tissues मिलकर - heart, lungs, stomach, kidneys

•Organ System Level (तंत्र स्तर): संबंधित organs एक साथ - digestive system, respiratory system

•Organismal Level (जीव स्तर): सभी organ systems मिलकर एक जीवित मानव

### Characteristics of Life (जीवन की विशेषताएं)

सभी जीवित प्राणियों में ये महत्वपूर्ण कार्य होते हैं। इन्हें याद रखना बहुत जरूरी है:

| Process | Definition (परिभाषा) | Example (उदाहरण) |
|---|---|---|

| | | |
|---|---|---|
| Metabolism | सभी chemical reactions का योग | भोजन को energy में बदलना |
| Responsiveness | बदलाव को पहचानना और प्रतिक्रिया देना | गर्म चीज से हाथ हटाना |
| Movement | शरीर या अंगों की गति | चलना, दिल की धड़कन, peristalsis |
| Growth | शरीर के आकार में वृद्धि | बच्चे का बड़ा होना |
| Differentiation | सामान्य से विशेष cells में बदलाव | Stem cells का blood cells बनना |
| Reproduction | नई कोशिकाओं या जीवों का निर्माण | Cell division, प्रसव |

## Anatomical Position & Directional Terms (शारीरिक स्थिति और दिशा)



Standard anatomical position: शरीर सीधा खड़ा, पैर parallel, हाथ बगल में हथेलियां आगे की ओर, सिर और आंखें सामने। यह universal reference position है - हमेशा इसी को reference मानें।

| Term | हिंदी अर्थ | Example |
|---|---|---|
| Superior (Cranial) | ऊपर की ओर / सिर की तरफ | सिर छाती से superior है |
| Inferior (Caudal) | नीचे की ओर | पेट फेफड़ों से inferior है |
| Anterior (Ventral) | सामने की ओर | Sternum दिल से anterior है |
| Posterior (Dorsal) | पीछे की ओर | रीढ़ की हड्डी पेट से posterior है |
| Medial | मध्य रेखा की ओर | नाक आंखों से medial है |
| Lateral | मध्य रेखा से दूर | कान नाक से lateral हैं |
| Proximal | जुड़ाव के पास | Elbow कलाई से proximal है |
| Distal | जुड़ाव से दूर | उंगलियां elbow से distal हैं |
| Superficial | सतह के पास | त्वचा मांसपेशियों से superficial है |
| Deep | सतह से दूर अंदर | हड्डियां त्वचा से deep हैं |

## Anatomical Planes (शारीरिक तल)

ये काल्पनिक समतल सतहें हैं जो शरीर को अध्ययन के लिए विभाजित करती हैं। Imaging और surgery में बहुत उपयोगी:

| Plane | दिशा | शरीर को कैसे बांटता है | Clinical Example |
|---|---|---|---|
| Sagittal | Vertical (बाएं-दाएं) | Left और Right भागों में | MRI brain scan |
| Midsagittal (Median) | बिल्कुल बीच से | बराबर left और right में | Spinal assessment |
| Frontal (Coronal) | Vertical (आगे-पीछे) | Anterior और Posterior में | Chest X-ray (PA view) |
| Transverse (Horizontal) | Horizontal (आड़ा) | Superior और Inferior में | CT scan cross-sections |
| Oblique | तिरछा कोण | असमान भागों में | Specialized imaging |

## Body Cavities (शरीर गुहाएं)




शरीर में खाली जगह जो अंगों को रखती, सुरक्षा और cushion देती हैं। ये याद रखना exam में बहुत important है:

- DORSAL BODY CAVITY (पीछे की गुहा): हड्डियों से सुरक्षित
- Cranial Cavity: मस्तिष्क (brain) को रखता है, खोपड़ी (skull) से घिरा
- Vertebral Canal: रीढ़ की हड्डी (spinal cord), कशेरुकाओं से घिरी
- VENTRAL BODY CAVITY (सामने की गुहा): बड़ी, diaphragm से विभाजित
- Thoracic Cavity (छाती की गुहा - diaphragm के ऊपर):
- Pleural cavities: दोनों फेफड़े (lungs) - बाएं और दाएं
- Pericardial cavity: हृदय (heart)
- Mediastinum: फेफड़ों के बीच में (heart, esophagus, trachea, बड़ी blood vessels)
- Abdominopelvic Cavity (पेट और श्रोणि - diaphragm के नीचे):

• Abdominal cavity: पेट (stomach), यकृत (liver), तिल्ली (spleen), पित्ताशय (gallbladder), छोटी आंत, बड़ी आंत का अधिकांश भाग

• Pelvic cavity: मूत्राशय (urinary bladder), प्रजनन अंग (reproductive organs), मलाशय (rectum)

### Abdominopelvic Regions & Quadrants (पेट के क्षेत्र)




(a) Abdominopelvic regions (b) Abdominopelvic quandrants

पेट के अंगों की location बताने के लिए दो systems हैं। Clinical practice में दोनों का उपयोग होता है, महत्वपूर्ण Quadrant अंग (Exam में पूछा जाता है!):

• RUQ (Right Upper Quadrant): Liver, Gallbladder, Right Kidney
• LUQ (Left Upper Quadrant): Stomach, Spleen, Left Kidney, Pancreas
• RLQ (Right Lower Quadrant): Appendix, Cecum, Right Ovary
• LLQ (Left Lower Quadrant): Sigmoid Colon, Left Ovary, Descending Colon

| System | Divisions | Clinical Use |
|---|---|---|

| | | |
|---|---|---|
| Nine Regions (9 क्षेत्र) | Right/Left Hypochondriac, Epigastric, Right/Left Lumbar, Umbilical, Right/Left Iliac, Hypogastric | विस्तृत anatomical descriptions के लिए |
| Four Quadrants (4 चतुर्थांश) | RUQ, LUQ, RLQ, LLQ | जल्दी assessment और documentation के लिए |

## Serous Membranes (सीरस झिल्लियां)




दोहरी परत वाली झिल्लियां जो body cavities को line करती हैं और अंगों को cover करती हैं। ये fluid बनाती हैं जो friction कम करता है:

Nursing Alert: जब इन membranes में infection/inflammation होता है तो बहुत दर्द होता है:

•Pleuritis (Pleurisy): फेफड़ों की झिल्ली में सूजन

•Pericarditis: दिल की झिल्ली में सूजन

• Peritonitis: पेट की झिल्ली में सूजन - Medical Emergency!

| Membrane | Location | Function | Fluid |
|---|---|---|---|
| Pleura | फेफड़े और thoracic cavity | सांस लेते समय friction घटाता है | Pleural fluid |
| Pericardium | हृदय के चारों ओर | दिल को protect करता है, friction कम करता है | Pericardial fluid |
| Peritoneum | पेट के अंग और cavity | अंगों को support, friction कम करना | Peritoneal fluid |

## Homeostasis (होमियोस्टैसिस - आंतरिक संतुलन)




शरीर की वह क्षमता जिससे वह बाहरी वातावरण बदलने पर भी अंदरूनी स्थिति (temperature, pH, blood pressure, glucose levels) को स्थिर रखता है। यह जीवन के लिए बहुत जरूरी है। Homeostasis = स्वास्थ्य। कोई भी disruption = बीमारी।

•NEGATIVE FEEDBACK (सबसे आम): Response stimulus को उल्टा करता है

उदाहरण: Body temperature regulation

शरीर का temp बढ़ता है (stimulus)

Sweat glands activate होती हैं (response)

Cooling होती है

Temperature normal पर लौटता है (homeostasis restored)

उदाहरण: Blood Sugar Control

खाने के बाद glucose बढ़ता है

Pancreas insulin release करता है

Cells glucose लेती हैं

Blood sugar normal level पर आता है

•POSITIVE FEEDBACK (कम आम): Response stimulus को और बढ़ाता है

उदाहरण: Childbirth (प्रसव)

Contractions बच्चे को धक्का देते हैं

Stretch sensors activate होते हैं

और Oxytocin hormone release होता है

और तेज contractions होते हैं

यह cycle जारी रहता है जब तक बच्चा पैदा न हो जाए

उदाहरण: Blood Clotting

चोट लगने पर platelets activate होते हैं

ये और platelets को activate करते हैं

Clot बनता रहता है जब तक bleeding न रुके

•Feedback System के Components:

1. RECEPTOR (ग्राही): Change को detect करता है - sensors
2. CONTROL CENTER (नियंत्रण केंद्र): Change का analysis करता है - brain, endocrine glands
3. EFFECTOR (प्रभावक): Response produce करता है - muscles, glands

## Importance for Nursing Practice (नर्सिंग में महत्व)

Anatomical terminology और organization को समझना नर्सिंग practice के लिए बहुत जरूरी है। हर दिन आप इनका उपयोग करेंगे:

✓ सही Patient Assessment और Physical Examination करने के लिए
✓ Medical Records में clear documentation के लिए
✓ Healthcare team के साथ proper communication के लिए
✓ Medication Administration और Injection Sites को correctly identify करने के लिए
✓ Diagnostic Imaging Reports (X-ray, CT, MRI) को समझने के लिए
✓ Disease के signs और complications को पहचानने के लिए
✓ Procedures safely perform करने के लिए (catheterization, injections, wound care)

✓ Surgery और Recovery के लिए Patient Positioning करने के लिए Clinical Examples जहां यह knowledge जरूरी है:

Appendicitis pain: RLQ में होता है - location याद रखें!

IV line: Median cubital vein (elbow के anterior surface पर)

IM injection: Deltoid muscle (shoulder में), Gluteal region (posterior hip में)

Subcutaneous injection: Anterior abdominal wall, lateral thigh

Vital signs के normal values (Homeostasis):
- Temperature: 36.5-37.5°C (97.7-99.5°F)
- Blood Pressure: 120/80 mmHg
- Heart Rate: 60-100 beats/min
- Respiratory Rate: 12-20 breaths/min
- Blood Glucose: 70-110 mg/dL (fasting)

## Memory Aid (Mnemonic)

Mnemonics याद रखने के लिए:
- Directional Terms: 'SALPP' - Superior/Anterior/Lateral/Proximal/Posterior
- Body Cavities: 'D-CAP' - Dorsal (Cranial + spinal), Ventral (Chest + Abdomen + Pelvis)
- Homeostasis Components: 'RCE' - Receptor, Control center, Effector
- Quadrants (clockwise ऊपर से): 'RuLu-LlRl' - RUQ, LUQ, LLQ, RLQ
- RUQ organs: 'L-G-R' - Liver, Gallbladder, Right kidney
- LUQ organs: 'S-S-P-L' - Stomach, Spleen, Pancreas, Left kidney
- Serous Membranes: 'PPP' - Pleura (lungs), Pericardium (heart), Peritoneum (abdomen)
- Life की characteristics: 'MR GRMD' - Metabolism, Responsiveness, Growth, Reproduction, Movement, Differentiation

## Nursing Booster Points

1 हमेशा Anatomical Position को reference मानें - कभी भी patient की current position (लेटा हुआ, बैठा हुआ) से describe न करें। Exam में गलती होगी!

2 Homeostasis = स्वास्थ्य। Nursing interventions का मुख्य goal homeostasis restore करना है।
Example: Fever में - temperature कम करना, dehydration में - fluids देना

3 Directional Terms को perfectly याद करें - गलती से serious medical errors हो सकते हैं (wrong site surgery, गलत जगह injection)

4 Documentation में precise anatomical terms use करें - 'anterior thorax' लिखें, 'chest के सामने' नहीं। Professional बनें!

6 Serous Membranes की inflammation खतरनाक है:
• Pleuritis = सांस लेने में दर्द
• Pericarditis = chest pain (heart attack जैसा)
• Peritonitis = severe abdominal pain (surgical emergency!)

7 Vital Signs (Normal Values) हमेशा याद रखें: • Temp: 37°C/98.6°F • BP: 120/80 mmHg • Pulse: 60-100/min • RR: 12-20/min • Blood Sugar: 70-110 mg/dL (fasting)

8 Injection Sites अच्छे से समझें:
• SC (Subcutaneous): त्वचा के नीचे 45° angle - Insulin, Heparin
• IM (Intramuscular): मांसपेशी में 90° angle - Vaccines, Antibiotics
• IV (Intravenous): नस में - Fast action के लिए

9 Negative vs Positive Feedback:
• Negative (90% cases) = Body का Thermostat - Normal बनाए रखता है
• Positive (rare) = Amplifier - Continue करता है जब तक goal achieve न हो (childbirth, blood clotting)

10 Anatomical Planes imaging में help करते हैं:
• Sagittal = Side view (MRI brain)
• Coronal = Front view (Chest X-ray)
• Transverse = Cross-section (CT scan) यह समझना reports पढ़ने में मदद करेगा!

# *Cells & Tissues (कोशिका और ऊतक)*

## 🔲 Introduction (परिचय)

हमारा शरीर बहुत-सी छोटी-छोटी इकाइयों से बना है जिन्हें **Cells (कोशिकाएँ)** कहा जाता है।
हर जीव – चाहे वह मनुष्य हो, जानवर हो या पौधा – कोशिकाओं से बना है।
इसीलिए कहा जाता है कि –
🔲 **"Cell is the basic structural and functional unit of life."**
यानि कोशिका ही जीवन की मूल इकाई है।

## 🔲 History of Cell (कोशिका की खोज)

- **1665 – Robert Hooke** ने पहली बार माइक्रोस्कोप से कॉर्क (Cork) का स्लाइस देखा और छोटे-छोटे खानों जैसी संरचना देखी, जिन्हें उन्होंने "Cells" कहा।
- **1839 – Schleiden और Schwann** ने बताया कि सभी पौधे और जीव कोशिकाओं से बने हैं – इसे कहा गया **Cell Theory**।
- **1855 – Rudolf Virchow** ने कहा – *"Every cell arises from a pre-existing cell."*

## 🔲 Cell Theory (कोशिका सिद्धांत)

1🔲 सभी जीव कोशिकाओं से बने हैं।
2🔲 कोशिका जीवन की संरचनात्मक और क्रियात्मक इकाई है।
3🔲 नई कोशिकाएँ केवल पुरानी कोशिकाओं से बनती हैं।

## 🔲 Types of Organisms (जीवों के प्रकार)

- **Unicellular Organisms (एक कोशिकीय जीव):**
  केवल एक कोशिका से बने जीव, जैसे – *Amoeba, Paramecium.*
- **Multicellular Organisms (बहुकोशिकीय जीव):**
  बहुत-सी कोशिकाओं से बने जीव, जैसे – *Human, Animals, Plants.*

## 🔲 Structure of a Cell (कोशिका की संरचना)




हर कोशिका के अंदर मुख्य तीन भाग होते हैं –

## 1️⃣ Cell Membrane (कोशिका झिल्ली)

- कोशिका को चारों ओर से घेरती है।
- यह **Semi-permeable** होती है यानी केवल आवश्यक पदार्थों को ही अंदर-बाहर आने देती है।
- कार्य – कोशिका की सुरक्षा और पदार्थों के आदान-प्रदान को नियंत्रित करना।

## 2️⃣ Cytoplasm (साइटोप्लाज्म)

- कोशिका के अंदर का जेली जैसा तरल भाग है।
- इसमें सभी कोशिकांग (Organelles) तैरते हैं।
- यह कोशिका की सभी रासायनिक क्रियाओं (Metabolic reactions) का स्थान है।

### 3️⃣ Nucleus (न्यूक्लियस / केन्द्रक)

- यह कोशिका का *Control Center* है।
- इसमें **DNA (Deoxyribonucleic Acid)** होता है जो आनुवंशिक गुणों (Genetic Traits) को नियंत्रित करता है।
- यह कोशिका विभाजन (Cell Division) में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

---

## 🔬 Main Parts Inside Cell (Cell Organelles / कोशिकांग)

हर कोशिका में कुछ छोटे भाग पाए जाते हैं जिन्हें **Organelles** कहते हैं। ये कोशिका के अंदर अलग-अलग काम करते हैं।

| कोशिकांग | कार्य (Function) |
|---|---|
| **Mitochondria** | कोशिका को ऊर्जा (ATP) देता है → *Powerhouse of the Cell* |
| **Ribosomes** | Protein बनाता है → *Protein Factory* |
| **Endoplasmic Reticulum (ER)** | पदार्थों का परिवहन करता है (Rough ER = Protein, Smooth ER = Fat synthesis) |
| **Golgi Apparatus** | स्राव (Secretion) और पैकेजिंग का कार्य |
| **Lysosomes** | अवांछित पदार्थों को नष्ट करता है → *Suicidal Bag* |
| **Centrosome** | Cell Division में मदद करता है |
| **Vacuole** | पदार्थों का संग्रहण (Storage) करता है |
| **Chloroplast (केवल पौधों में)** | Photosynthesis (प्रकाश संश्लेषण) करता है |

---

## 🌿 Difference Between Plant and Animal Cell (अंतर)

| विशेषता | Plant Cell | Animal Cell |
|---|---|---|
| **Cell Wall** | होती है | नहीं होती |

| | | |
|---|---|---|
| **Chloroplast** | होता है | नहीं होता |
| **Vacuole** | बड़ी व केंद्र में | छोटी या नहीं होती |
| **Shape** | नियमित (Rectangular) | अनियमित (Round) |
| **Centrioles** | अनुपस्थित | उपस्थित |

---

## □ Cell Division (कोशिका विभाजन)

यह वह प्रक्रिया है जिसमें एक कोशिका दो या अधिक कोशिकाओं में विभाजित होती है।
यह शरीर की **वृद्धि (Growth), मरम्मत (Repair)** और **प्रजनन (Reproduction)** के लिए आवश्यक है।






### 1️⃣ Mitosis (माइटोसिस)

- यह सामान्य कोशिकाओं (Somatic Cells) में होता है।
- इससे दो समान (Identical) कोशिकाएँ बनती हैं।
- उपयोग – शरीर की वृद्धि और क्षतिग्रस्त ऊतक की मरम्मत।

### 2️⃣ Meiosis (मियॉसिस)

- यह जनन कोशिकाओं (Reproductive Cells) में होता है।
- इससे गुणसूत्रों की संख्या आधी हो जाती है।
- उपयोग – नई संतान के निर्माण में।

**Mnemonic:**

"Mitosis = Multiply (Growth), Meiosis = Make Gametes (Reproduction)"

---

# Tissues – ऊतक

## Definition (परिभाषा)

जब एक जैसे आकार और कार्य वाली कोशिकाएँ मिलकर कोई विशेष कार्य करती हैं, तो उन्हें **Tissue (ऊतक)** कहा जाता है।
Example – मांसपेशियों की कोशिकाएँ मिलकर *Muscle Tissue* बनाती हैं जो शरीर की गति में मदद करती हैं।

---

## 🔲 Main Types of Animal Tissues (पशु ऊतक के मुख्य प्रकार)

मानव शरीर में चार प्रमुख प्रकार के ऊतक पाए जाते हैं 🔲




1🔲 **Epithelial Tissue (उपकला ऊतक)**
2🔲 **Connective Tissue (संयोजी ऊतक)**
3🔲 **Muscular Tissue (मांसपेशीय ऊतक)**
4🔲 **Nervous Tissue (तंत्रिका ऊतक)**

---

### 🔲 1. Epithelial Tissue (उपकला ऊतक)

यह शरीर की बाहरी सतह (Skin) और आंतरिक गुहाओं (Internal Cavities) को ढकता है।
**कार्य:** सुरक्षा (Protection), स्राव (Secretion), अवशोषण (Absorption)।

**मुख्य प्रकार:**

- **Simple Squamous Epithelium:** बहुत पतली परत – फेफड़ों की अल्वियोलाई में।
- **Cuboidal Epithelium:** चौकोर कोशिकाएँ – किडनी ट्यूब्यूल्स में।
- **Columnar Epithelium:** लम्बी कोशिकाएँ – आँतों की अंदरूनी परत में।
- **Ciliated Epithelium:** बाल-जैसी संरचना (Cilia) युक्त – श्वासनली में।

- **Stratified Squamous:** कई परतों में – त्वचा की सुरक्षा के लिए।

---

## 2. Connective Tissue (संयोजी ऊतक)

यह ऊतक शरीर के विभिन्न भागों को जोड़ने, सहारा देने और संरक्षण देने का कार्य करता है।

**मुख्य प्रकार:**

- **Areolar Tissue:** अंगों के बीच खाली स्थान भरता है।
- **Adipose Tissue:** वसा संग्रह करता है (Fat Storage)।
- **Cartilage:** लचीला सहारा देता है (Nose, Ear)।
- **Bone:** कठोर सहारा देता है (Support & Protection)।
- **Blood:** पोषक तत्व, गैस और अपशिष्ट का परिवहन करता है।

---

## 3. Muscular Tissue (मांसपेशीय ऊतक)

यह ऊतक शरीर की गति (Movement) के लिए उत्तरदायी है।

**मुख्य प्रकार:**

- **Skeletal Muscle:** Voluntary (मन के अनुसार चलने वाली), हड्डियों से जुड़ी।
- **Smooth Muscle:** Involuntary (स्वतः चलने वाली), आंतरिक अंगों की दीवारों में।
- **Cardiac Muscle:** केवल हृदय में पाई जाती है, Involuntary और लगातार कार्यशील।

---

## 4. Nervous Tissue (तंत्रिका ऊतक)

यह ऊतक मस्तिष्क (Brain), मेरुरज्जु (Spinal Cord) और नसों (Nerves) में पाया जाता है।
यह शरीर के विभिन्न भागों तक विद्युत संकेत (Nerve Impulses) पहुँचाने का कार्य करता है।

**मुख्य कोशिका: Neuron (न्यूरॉन)**
**Neuron के भाग:**

- **Cell Body:** कोशिका का मुख्य भाग।
- **Dendrites:** संदेश प्राप्त करते हैं।
- **Axon:** संदेश को आगे भेजता है।

## 🔲 Mnemonic

🔲 **"E – C – M – N"**

E – Epithelial

C – Connective

M – Muscular

N – Nervous

## 🔲 Nursing Importance

- कोशिका और ऊतक का ज्ञान शरीर की संरचना (Anatomy) और कार्यिकी (Physiology) समझने के लिए जरुरी है।
- यह ज्ञान नर्स को **Injection sites, Wound Healing, Pathology** और **Disease Understanding** में सहायता देता है।
- विभिन्न ऊतकों की जानकारी नर्सिंग के दौरान **Patient Care** को वैज्ञानिक रुप से करने में मदद करती है।

## 🔲 Nursing Booster Points

1🔲 Cell जीवन की मूल इकाई है।

2🔲 Nucleus कोशिका का नियंत्रण केंद्र है।

3🔲 Mitochondria ऊर्जा उत्पादन करता है।

4🔲 Lysosome – Suicide Bag of the Cell।

5🔲 Plant Cell में Cell Wall और Chloroplast होते हैं।

6🔲 Animal Cell में Centriole पाया जाता है।

7🔲 Mitosis – Growth के लिए, Meiosis – Reproduction के लिए।

8🔲 चार प्रमुख ऊतक – Epithelial, Connective, Muscular, Nervous।

9🔲 Nervous Tissue संदेश (Impulse) भेजने का कार्य करता है।

🔲 RBC की Life Span – 120 दिन।

# *SKELETAL SYSTEM (कंकाल तंत्र )*

### Introduction to Skeletal System (कंकाल तंत्र का परिचय)

Skeletal system हमारे शरीर का framework है। यह 206 हड्डियों (bones) से बना है जो हमारे शरीर को आकार, support और protection देती हैं। यह living tissue है जो continuously remodel होती रहती है।

Functions of Skeletal System (मुख्य कार्य):

1. SUPPORT: शरीर को आकार और structure देना

2. PROTECTION: नाज़ुक अंगों को protect करना

Skull (खोपड़ी) → Brain को protect करती है

Rib cage (पसलियां) → Heart और Lungs को

Vertebral column (रीढ़) → Spinal cord को

Pelvis (श्रोणि) → Reproductive organs को

3. MOVEMENT: Muscles के attachment के लिए

4. MINERAL STORAGE: Calcium और Phosphorus store करना

5. BLOOD CELL PRODUCTION: Red bone marrow में RBCs, WBCs, Platelets बनते हैं

6. ENERGY STORAGE: Yellow bone marrow में fat (lipids) store होता है

## Classification of Bones (हड्डियों का वर्गीकरण)




हड्डियों को उनकी shape के आधार पर 5 categories में बांटा गया है:

| Type | आकार | Examples | Function |
|---|---|---|---|
| Long Bones | लंबी, cylindrical | Femur (जांघ), Humerus (बांह), Tibia, Fibula, Radius, Ulna | Movement और support, height देती हैं |

| | | | |
|---|---|---|---|
| Short Bones | छोटी, cube के जैसी | Carpals (कलाई), Tarsals (टखना) | Limited movement, stability |
| Flat Bones | चपटी, thin | Skull bones, Ribs, Sternum, Scapula | Protection और muscle attachment |
| Irregular Bones | अनियमित आकार | Vertebrae (कशेरुका), Sacrum, Facial bones | Complex functions, protection |
| Sesamoid Bones | गोल, tendons में embedded | Patella (घुटने की हड्डी), Pisiform | Reduce friction, protect tendons |

**Structure of Long Bone (लंबी हड्डी की संरचना)**




Long bone की structure को समझना बहुत important है। यह fracture healing और bone diseases में help करता है:

मुख्य Parts:

1. DIAPHYSIS (शाफ्ट/मध्य भाग):

लंबा cylindrical shaft

Compact bone से बना - मजबूत और dense

अंदर Medullary cavity (मज्जा गुहा) होती है

Adults में yellow bone marrow (fat) होता है

2. EPIPHYSIS (सिरे वाला भाग):

Proximal और Distal ends

Spongy (cancellous) bone से बना

Red bone marrow होता है - blood cells बनाता है

Articular cartilage से ढका होता है

3. METAPHYSIS (संधि क्षेत्र):

Diaphysis और Epiphysis के बीच

Growth plate (Epiphyseal plate) यहां होती है

बच्चों में cartilage होती है - growth के लिए

Adults में यह ossify होकर Epiphyseal line बन जाती है

4. PERIOSTEUM (बाहरी आवरण):

हड्डी के बाहर tough connective tissue membrane

Blood vessels और nerves supply करती है

Bone growth और repair में important

Ligaments और tendons यहां attach होते हैं

5. ENDOSTEUM (अंदरुनी परत):

Medullary cavity की lining

Bone remodeling में help करती है

## Types of Bone Tissue (हड्डी के ऊतक)

हड्डी में दो प्रकार के tissues होते हैं जो अलग-अलग functions perform करते हैं:

| **Type** | **Structure** | **Location** | **Function** |
|---|---|---|---|
| Compact Bone (Cortical) | Dense, solid, तंग packed osteons (Haversian systems) | Diaphysis की outer layer, सभी bones की outer surface | Strength, support, protection - 80% skeleton |
| Spongy Bone (Cancellous/Trabecular) | Porous, honeycomb जैसा, trabeculae (बीम जैसी रचनाएं) | Epiphysis, flat bones के बीच, vertebrae के अंदर | Lightweight, blood cell production - 20% skeleton |

## Bone Cells (हड्डी की कोशिकाएं)




हड्डी में तीन प्रकार की cells होती हैं जो bone formation, maintenance और breakdown करती हैं:

Bone Remodeling (हड्डी का नवीनीकरण):

यह continuous process है - पुरानी हड्डी तोड़ी जाती है और नई बनती है

Osteoclasts हड्डी तोड़ते हैं → Osteoblasts नई हड्डी बनाते हैं

Balance जरूरी है - imbalance से diseases होती हैं

Factors: Calcium, Vitamin D, Hormones (PTH, Calcitonin, Growth hormone)

| **Cell Type** | **Function** | **Clinical Significance** |
|---|---|---|

| | | |
|---|---|---|
| Osteoblasts (निर्माणकर्ता) | New bone बनाते हैं, matrix secrete करते हैं, bone formation | Fracture healing, growth, vitamin D और calcium की जरुरत |
| Osteocytes (परिपक्व कोशिकाएं) | Mature bone cells, bone tissue को maintain करते हैं, nutrients exchange | सबसे ज्यादा संख्या में, bone health maintain करते हैं |
| Osteoclasts (तोड़ने वाले) | Old/damaged bone को break down करते हैं, resorption | Osteoporosis में overactive, calcium regulation में important |

### Axial Skeleton (अक्षीय कंकाल) - 80 Bones




शरीर के central axis (धुरी) की हड्डियां। ये vital organs को protect करती हैं:

Skull Bones को याद रखें (Exam Important!):

Cranial Bones (8): मस्तिष्क को घेरती हैं

Frontal (1) - माथा

Parietal (2) - सिर के sides और top

Temporal (2) - कान के पास

Occipital (1) - सिर का पिछला हिस्सा

Sphenoid (1) - butterfly के आकार की

Ethmoid (1) - नाक के ऊपर

Facial Bones (14): चेहरे की संरचना

Maxilla (2) - ऊपरी जबड़ा

Mandible (1) - निचला जबड़ा (only movable bone)

Zygomatic (2) - गाल की हड्डी

Nasal (2) - नाक की हड्डी

Lacrimal (2) - आंसू की नली के पास

Palatine (2) - तालु

Vomer (1) - नाक का septum

Inferior nasal conchae (2)

| **Part** | **Bones** | **संख्या** | **Main Functions** |
|---|---|---|---|
| Skull (खोपड़ी) | Cranial (8) + Facial (14) + Auditory ossicles (6) | 28 | Brain protection, facial structure, hearing |

| | | | |
|---|---|---|---|
| Vertebral Column (रीढ़) | Cervical (7) + Thoracic (12) + Lumbar (5) + Sacrum (1) + Coccyx (1) | 26 | Spinal cord protection, support, movement |
| Thoracic Cage (छाती) | Sternum (1) + Ribs (24) | 25 | Heart और lungs protection, breathing |
| Hyoid Bone | Neck में, tongue के नीचे | 1 | Tongue movement, swallowing |

**Vertebral Column (रीढ़ की हड्डी) - 26 Bones**




Spine हमारी body का main support है। यह spinal cord को protect करती है और movement allow करती है:

Spinal Curvatures (रीढ़ के मोड़):

Normal Curves (adult):

Cervical: Lordosis (आगे की ओर curve) - Secondary curve

Thoracic: Kyphosis (पीछे की ओर curve) - Primary curve

Lumbar: Lordosis (आगे की ओर curve) - Secondary curve

Sacral: Kyphosis (पीछे की ओर curve) - Primary curve

Abnormal Curves:

Excessive Kyphosis: Hunchback, elderly में common

Excessive Lordosis: Swayback, pregnancy में

Scoliosis: Lateral (sideways) curve - abnormal

| **Region** | **संख्या** | **Features** | **Clinical Notes** |
|---|---|---|---|
| Cervical (ग्रीवा) | C1-C7 (7) | छोटी, foramen में spinal cord, atlas (C1), axis (C2) | C1-C2 injury = fatal, whiplash injury common |
| Thoracic (वक्ष) | T1-T12 (12) | मध्यम, ribs attach होती हैं, heart के level पर | Kyphosis (आगे झुकना), fracture less common |
| Lumbar (काठ) | L1-L5 (5) | बड़ी, सबसे मजबूत, body weight support | Low back pain common, disc prolapse L4-L5, L5-S1 |
| Sacrum (त्रिक) | S1-S5 fused (1) | 5 vertebrae fused, triangular, pelvis से जुड़ी | Sacroiliac joint pain |

| | | | |
|---|---|---|---|
| Coccyx (अनुत्रिक) | 3-5 fused (1) | Tailbone, vestigial | Coccydynia (दर्द) - falls से |

### Appendicular Skeleton (उपांगीय कंकाल) - 126 Bones




Limbs (हाथ-पैर) और girdles की हड्डियां। ये movement और manipulation के लिए हैं:

Important Bones को Detail में:

UPPER LIMB (एक तरफ = 30 bones):

Humerus (1) - बांह की हड्डी (सबसे लंबी upper limb में)

Radius (1) - forearm lateral (thumb side)

Ulna (1) - forearm medial (little finger side)

Carpals (8) - कलाई की हड्डियां (2 rows में)

Metacarpals (5) - हथेली की हड्डियां

Phalanges (14) - उंगलियों की हड्डियां (3-2-3-3-3)

LOWER LIMB (एक तरफ = 30 bones):

Femur (1) - जांघ की हड्डी (body की सबसे लंबी और मजबूत)

Patella (1) - घुटने की हड्डी (sesamoid bone)

Tibia (1) - पिंडली की मुख्य हड्डी (shin bone)

Fibula (1) - पतली हड्डी (lateral)

Tarsals (7) - टखने और पैर की हड्डियां (Calcaneus सबसे बड़ी)

Metatarsals (5) - पैर की हड्डियां

Phalanges (14) - पैर की उंगलियां (3-2-3-3-3)

| **Part** | **Components** | **संख्या** | **Functions** |
|---|---|---|---|

| | | | |
|---|---|---|---|
| Pectoral Girdle (कंधे की पेटी) | Clavicle (2) + Scapula (2) | 4 | Upper limbs को trunk से attach करना |
| Upper Limbs (ऊपरी अंग) | Humerus, Radius, Ulna, Carpals (16), Metacarpals (10), Phalanges (28) | 60 (दोनों) | Manipulation, grasping |
| Pelvic Girdle (श्रोणि पेटी) | Hip bones (2) - Ilium, Ischium, Pubis fused | 2 | Lower limbs support, organ protection |
| Lower Limbs (निचले अंग) | Femur, Patella, Tibia, Fibula, Tarsals (14), Metatarsals (10), Phalanges (28) | 60 (दोनों) | Locomotion, support body weight |

### Types of Joints (जोड़ों के प्रकार)




Joints (अस्थि संधि) वह जगह है जहां दो या अधिक bones मिलती हैं। ये movement allow करते हैं:

Synovial Joints के Types (Movement के आधार पर):

1. Hinge Joint (कब्जा): Elbow, Knee - flexion/extension

2. Ball and Socket: Shoulder, Hip - सभी दिशाओं में movement

3. Pivot Joint: Atlas-Axis (C1-C2) - rotation

4. Gliding Joint: Carpals, Tarsals - sliding movement

5. Saddle Joint: Thumb - flexion/extension/abduction/adduction

6. Condyloid: Wrist - angular movements

| **Type** | **Movement** | **Structure** | **Examples** |
|---|---|---|---|
| Fibrous (तंतुमय) | Immovable (नहीं चलता) | Dense connective tissue से जुड़ा | Skull sutures, teeth sockets |
| Cartilaginous (उपास्थि) | Slightly movable (थोड़ा चलता) | Cartilage से जुड़ा | Vertebrae के बीच (intervertebral discs), Pubic symphysis |
| Synovial (श्लेष) | Freely movable (पूरी तरह चलता) | Synovial cavity, synovial fluid | Knee, elbow, shoulder, hip (majority of joints) |

## Common Skeletal Disorders (आम हड्डी रोग)

Nursing practice में आप ये conditions बहुत देखेंगे। इनकी basic knowledge जरूरी है:

| Disorder | Description | Nursing Care Points |
| --- | --- | --- |
| Fracture (अस्थि भंग) | हड्डी का टूटना - Simple/Compound/Greenstick/Comminuted | RICE protocol, immobilization, pain management, neurovascular assessment |
| Osteoporosis (अस्थिसुषिरता) | Bone density कम, fragile bones, elderly women में ज्यादा | Fall prevention, calcium/vitamin D supplements, weight-bearing exercises |
| Osteoarthritis (संधिशोथ) | Joint cartilage का degeneration, pain और stiffness | Pain relief, mobility aids, heat/cold therapy, weight management |
| Rheumatoid Arthritis | Autoimmune, joint inflammation, morning stiffness | Medications, joint protection, ROM exercises, reduce inflammation |
| Gout (वातरक्त) | Uric acid crystals in joints, big toe में ज्यादा | Diet modification (low purine), hydration, pain management |

| | | |
|---|---|---|
| Scoliosis (पार्श्वकुब्जता) | Lateral spinal curvature, adolescents में | Bracing, posture correction, surgery in severe cases |
| Rickets/Osteomalacia | Vitamin D deficiency, soft bones, बच्चों/adults में | Vitamin D and calcium supplementation, sunlight exposure |

### Bone Health & Nursing Implications

हड्डियों की सेहत maintain करना और patients को educate करना nurse की जिम्मेदारी है:

Factors Affecting Bone Health:

✓ NUTRITION: Calcium (1000-1200 mg/day), Vitamin D (600-800 IU/day), Protein

✓ EXERCISE: Weight-bearing exercises (walking, jogging) bone density बढ़ाते हैं

✓ HORMONES: Estrogen (women में important), Growth hormone, Thyroid hormone

✓ LIFESTYLE: Smoking और excessive alcohol bone loss बढ़ाते हैं

✓ AGE: Peak bone mass 30 years, फिर slowly decrease

Nursing Interventions:

Fall Prevention: Environment को safe बनाएं, walking aids provide करें

Nutrition Education: Calcium-rich foods (milk, cheese, yogurt, green leafy vegetables)

Mobility: Early mobilization, ROM exercises, physiotherapy

Pain Management: Medications, positioning, comfort measures

Cast Care: Circulation check (5 Ps), keep dry, elevation

Fracture Care: Immobilization, neurovascular assessment हर 2-4 घंटे

5 Ps of Neurovascular Assessment (बहुत Important!):

1. Pain (दर्द) - बढ़ता हुआ = warning sign

2. Pallor (पीलापन) - skin color change

3. Pulselessness (नाड़ी नहीं) - distal pulse check करें

4. Paresthesia (झनझनाहट) - numbness, tingling

5. Paralysis (लकवा) - movement loss

* अगर कोई भी P abnormal है तो तुरंत doctor को inform करें!

## Nursing Booster Points

1 Total 206 bones: Axial (80) + Appendicular (126). यह पहला question अक्सर exam में पूछा जाता है!

2 Femur सबसे लंबी और मजबूत हड्डी है। Stapes (कान में) सबसे छोटी हड्डी है। यह fact-based questions में आता है।

3 Red vs Yellow Bone Marrow:

• Red = Blood cells बनाता है (Epiphysis, flat bones, vertebrae में)

• Yellow = Fat storage (Long bones के medullary cavity में)

• Newborns में सभी red marrow होता है, age के साथ yellow में convert होता है

4 Osteoporosis मुख्य रुप से post-menopausal women में होता है (estrogen deficiency)

Prevention: Calcium 1200mg/day + Vitamin D + Weight-bearing exercise

Risk factors: Family history, smoking, thin body frame

5 Fracture Types जरुर याद करें:

• Simple/Closed: Skin intact

• Compound/Open: Skin broken - infection risk high!

• Greenstick: बच्चों में - incomplete break (जैसे हरी टहनी टूटती है)

• Comminuted: कई pieces में टूटी - severe

• Spiral: Twisting injury से

6 Cast Care के Golden Rules: • Neurovascular assessment हर 2-4 घंटे (5 Ps check करें!) • Cast को wet न होने दें - infection risk • Elevation करें - swelling कम करने के लिए • Nothing inside cast - itching में भी कुछ न डालें • Foul smell, drainage, excessive pain = doctor को inform करें immediately

7 Vertebral Column injuries life-threatening हो सकती हैं:

• C1-C4 injury: Breathing affected - ventilator की जरुरत

• C5-T1: Upper limb paralysis

• T2-L1: Paraplegia (lower limbs)

• Always suspect spinal injury in accidents - neck movement restrict करें!

8 Joint Types के movements:

• Ball & Socket (Hip, Shoulder): Maximum movement - सभी directions

• Hinge (Elbow, Knee): Only flexion-extension - door की तरह

• Pivot (C1-C2): Rotation - 'No' की movement • Movement restrictions = joint problem का sign

9 Calcium Sources patient को बताएं:

• Milk products: Milk (300mg/cup), Cheese, Yogurt, Paneer

• Vegetables: Spinach, Broccoli, Ladies finger

• Others: Ragi (finger millet) - बहुत अच्छा source, Almonds, Til (sesame)

• Vitamin D के लिए: 15-20 min sunlight (morning) + fatty fish

10 Elderly Care में Fall Prevention सबसे important:

• Environment: Adequate lighting, remove loose carpets, handrails in bathroom

• Patient: Proper footwear, walking aids, vision check

• Medications: कुछ medicines dizziness करती हैं - caution!

- Hip fracture elderly में very serious - high mortality if not treated
- Remember: 'Prevention is better than cure' - falls से ज्यादा fractures होते हैं!

# *Muscular System (पेशी तंत्र)*

## Introduction to Muscular System (पेशी तंत्र का परिचय)

Muscular system शरीर के वजन का लगभग 40-50% होता है। यह 600 से अधिक muscles से बना है जो movement, posture और heat production के लिए जिम्मेदार हैं। बिना muscles के हम न चल सकते, न सांस ले सकते, न ही दिल धड़क सकता है।

Functions of Muscular System (मुख्य कार्य):

1. MOVEMENT: Body के सभी movements - walking, running, facial expressions
2. POSTURE MAINTENANCE: Body को सीधा खड़ा रखना (gravity के against)
3. HEAT PRODUCTION: Muscle contraction से heat बनती है (shivering जब ठंड लगे)
4. JOINT STABILIZATION: Joints को stable और support करना
5. PROTECTION: Internal organs को cushion और protection
6. STORAGE: Glycogen (energy) और myoglobin (oxygen) store करना

## Types of Muscle Tissue (पेशी ऊतक के प्रकार)




शरीर में तीन प्रकार की muscle tissues हैं। हर एक की structure और function अलग है:

Key Differences याद रखें:

Skeletal = हम control करते हैं (walk, talk, eat)

Cardiac = automatically काम करता है, never gets tired (life-long beating)

Smooth = organs में, automatically functions (digestion, BP control)

Clinical Note:

Skeletal muscle injury = fracture, strain, tear - rest और physiotherapy

Cardiac muscle damage = Heart attack (MI) - emergency!

Smooth muscle problems = asthma (airway), IBS (intestine), hypertension (vessels)

| **Type** | **Structure** | **Control** | **Location** | **Function** |
|---|---|---|---|---|
| Skeletal (कंकाल पेशी) | Striated (धारीदार), cylindrical, multinucleated | Voluntary (इच्छानुसार) | Bones से attached, body movements के लिए | Movement, posture, heat production |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Cardiac (हृदय पेशी) | Striated, branched, single nucleus, intercalated discs | Involuntary (स्वचालित) | केवल Heart में | Heart को pump करना, blood circulation |
| Smooth (चिकनी पेशी) | Non-striated, spindle-shaped, single nucleus | Involuntary (स्वचालित) | Blood vessels, GI tract, bladder, airways | Peristalsis, vasoconstriction/dilation, sphincter control |

### Structure of Skeletal Muscle (कंकाल पेशी की संरचना)




Skeletal muscle की anatomy को समझना injections, massage और physiotherapy के लिए जरूरी है। यह layers में organized होती है:

Muscle का Organization (बड़े से छोटे):

1. MUSCLE (पूरी पेशी):

Complete organ जैसे Biceps, Triceps

Epimysium से ढकी होती है (outer covering)

Multiple fascicles (बंडल) होते हैं

2. FASCICLE (पेशी पुलिंदा):

Muscle fibers का bundle

Perimysium से ढका होता है

Blood vessels और nerves यहां run करती हैं

3. MUSCLE FIBER (पेशी तंतु):

Single muscle cell - बहुत लंबा और cylindrical

Sarcolemma = cell membrane

Sarcoplasm = cytoplasm

Multiple nuclei (multinucleated) - अंदर myofibrils होते हैं

4. MYOFIBRIL (पेशीतंतुक):

Thread-like structures

Sarcomeres से बने होते हैं

यहां actual contraction होता है

5. SARCOMERE (सूक्ष्मखंड):

Smallest functional unit

Z line से Z line तक

Actin (thin) और Myosin (thick) filaments होते हैं

यहां sliding filament theory काम करता है

## Muscle Contraction Mechanism (पेशी संकुचन की क्रिया)

Muscle कैसे contract करती है? यह Sliding Filament Theory से समझाया जाता है। Exams में बहुत important topic है:

Steps of Muscle Contraction:

1. NERVE SIGNAL (तंत्रिका संकेत):

Brain से motor neuron signal भेजता है

Neuromuscular junction पर पहुंचता है

Acetylcholine (ACh) neurotransmitter release होता है

2. EXCITATION (उत्तेजन):

ACh muscle fiber को stimulate करता है

Calcium (Ca++) release होता है sarcoplasmic reticulum से

Ca++ contraction के लिए signal है

3. CONTRACTION (संकुचन):

Actin और Myosin filaments slide करते हैं

Myosin heads actin को pull करते हैं

Sarcomere छोटा होता है

Muscle fiber shorten होता है = CONTRACTION

इसमें ATP (energy) की जरूरत होती है

4. RELAXATION (शिथिलन):

Nerve signal बंद होता है

Ca++ वापस store हो जाता है

Actin-Myosin detach होते हैं

Muscle relax होती है

Energy Source: ATP (Adenosine Triphosphate)

बिना ATP के muscle contract नहीं हो सकती

Death के बाद ATP खत्म = Rigor mortis (body stiff हो जाती है)

| **Component** | **Role in Contraction** | **Clinical Significance** |
|---|---|---|
| Acetylcholine (ACh) | Nerve signal को muscle में transmit करता है | Myasthenia gravis में ACh कम - muscle weakness |

| | | |
|---|---|---|
| Calcium (Ca++) | Contraction trigger करता है | Low Ca++ = tetany (muscle spasms), High Ca++ = weakness |
| ATP | Energy provide करता है | Low ATP = muscle fatigue, cramps |
| Myosin | Thick filament, pulling action | Genetic defects = muscular dystrophy |
| Actin | Thin filament, pulled by myosin | Interaction site for contraction |

### Types of Muscle Contractions (संकुचन के प्रकार)

Muscles अलग-अलग तरीकों से contract होती हैं। Physiotherapy और exercises में यह समझना important है:

| **Type** | **Definition** | **Example** | **Use** |
|---|---|---|---|
| Isotonic (समतनाव) | Muscle length change होती है, tension same | Bicep curl, walking, lifting | Movement, strength building |
| - Concentric | Muscle shorten होती है | Lifting weight up | Strengthening exercises |
| - Eccentric | Muscle lengthen होती है | Lowering weight down | Control, injury prevention |

| | | | |
|---|---|---|---|
| Isometric (समलंबाई) | Muscle length same, tension बढ़ता है | Pushing against wall, plank position | Stability, joint protection |
